# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 28 सितंबर, 2018

## प्रधानमंत्री कौशल केंद्र का उदघाटन तथा अन्य पहलों की शुरुआत

- हाल में उड़ीसा के कालाहांडी में प्रधानमंत्री कौशल केंद्र का उदघाटन किया गया है।
- यह केंद्र यौगिक उत्पादक, प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, घरेलू स्वास्थ्य सहयोगी और इलेक्ट्रीशियन जैसे पाँच रोज़गार परक भूमिकाओं में कौशल विकास पाठ्यक्रम प्रदान करेगा।
- इसका लक्ष्य हर साल 1000 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करना है।
- 'प्रधानमंत्री कौशल केंद्र' कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की पहल है।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और श्री श्री ग्रामीण विकास कार्यक्रम ट्रस्ट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
- इस साझेदारी के तहत, कैदियों के कौशल प्रशिक्षण के लिये 7 राज्यों (असम, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और मणिपुर) के 16 जेलों में कौशल केंद्र स्थापित किये जाएंगे। यह प्रशिक्षण प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत दिया जाएगा।
- सौंदर्य एवं कल्याण सेक्टर कौशल परिषद और श्री श्री ग्रामीण विकास कार्यक्रम ट्रस्ट के बीच भी एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

## प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (Pradhan Mantri Kaushal Kendras)

- वर्ष 2017 में एमएसडीई द्वारा उद्योग जगत के मानकों के अनुरूप अवसंरचना विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।
- इसके तहत प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) योजना की शुरुआत की गई थी। पीएमकेके के तहत संबंधित ज़िले के कौशल विकास अवसंरचना, प्रशिक्षण और रोज़गार प्राप्त करने के लिये एक आदर्श केंद्र के रूप में विकसित होने की क्षमता है।
- यह कौशल विकास को गुणवत्ता के अनुरूप, आकांक्षापूर्ण और सतत् प्रक्रिया बनाने में सहायता प्रदान करेगा।
- 22 दिसंबर, 2017 को 27 राज्यों के 484 ज़िलों व 406 संसदीय क्षेत्रों के लिये 527 प्रधानमंत्री कौशल केंद्र आवंटित किये गए थे।

## राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार तथा अतुल्य भारत मोबाइल एप

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान करने के साथ ही अतुल्य भारत (Incredible India) मोबाइल एप एवं अतुल्य भारत पर्यटक सुविधा प्रदाता प्रमाणीकरण कार्यक्रम भी लॉन्च किये गए।

- विश्व पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1980 में हुई थी ।
- विश्व पर्यटन दिवस- 2018 की थीम "पर्यटन और डिजिटल परिवर्तन" है।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय हर साल पर्यटन उद्योग के विभिन्न वर्गों में राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान करता है।
- ये पुरस्कार राज्य सरकारों/संघशासित प्रदेशों, वर्गीकृत होटलों, पंजीकृत ट्रेवल एजेंट, टूर ऑपरेटर, व्यक्तियों तथा अन्य निजी संगठनों को संबंधित क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को आयोजित करने के लिये दिये जाते हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों में 77 पुरस्कार प्रदान किये गए हैं।
- राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की शुरुआत 1990 के दशक में हुई थी।

## सुविधा प्रदाता प्रमाणीकरण कार्यक्रम

- विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया सुविधा प्रदाता प्रमाणीकरण कार्यक्रम ऑनलाइन लर्निंग का अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य सुविधा प्रदाताओं के माध्यम से सार्थक रूप में देश की ब्रांडिंग करना है।

## अतुल्य भारत मोबाइल एप

- अतुल्य भारत मोबाइल एप को टेक महिंद्रा द्वारा विकसित किया गया है जो भारत को एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करता है।
- इसमें प्राचीन धरोहर, रोमांच, संस्कृति, योग, स्वास्थ्य जैसे प्रमुख अनुभवों को शामिल किया गया है।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे तथा अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सबसे बेहतर हवाई अड्डे का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डा

- इंदौर स्थित देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे को पर्यटन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाने वाले अन्य श्रेणी के हवाई अड्डों में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- एशिया प्रशांत क्षेत्र में प्रतिवर्ष 20 लाख यात्रियों के आवागमन वाले हवाई अड्डों की श्रेणी में भी देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे को बेहतरीन क्षेत्रीय हवाई अड्डे का पुरस्कार मिला है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल हवाई अड्डा

- सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश में बड़े शहरों के हवाई अड्डों की श्रेणी में सबसे अच्छे हवाई अड्डे का पुरस्कार मिला।
- अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल हवाई अड्डे को देश का पहला विश्व धरोहर हवाई अड्डा होने का गौरव प्राप्त है।
- हवाई अड्डे की भौगोलिक स्थिति इसे प्रमुख घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों से जोड़ने में मदद करती है।
- वर्ष 2017 में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिषद ने इसे एशिया प्रशांत क्षेत्र के सबसे बेहतर हवाई अड्डे का पुरस्कार प्रदान किया था।

## ट्राइब्स इंडिया तथा 'पंच तंत्र संकलन'

हाल ही में जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन ट्राइब्स इंडिया तथा ट्राइफेड ने 'पंच तंत्र संकलन' जारी किया तथा विश्व चैंपियन मुक्केबाज़ मैरीकॉम को ट्राइब्स इंडिया का ब्रांड एम्बेसडर घोषित किया।

### पंच तंत्र संकलन

- पंच तंत्र संकलन में हथकरघा और दस्तकारी सहित जनजातियों द्वारा उत्पादित अन्य वस्तुओं की श्रेणी प्रस्तुत की गई है।

### ट्राइफेड (TRIFED)

- बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 1984 के तहत राष्ट्रीय स्तर के शीर्षस्थ निकाय के रूप में वर्ष 1987 में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास 'ट्राइफेड' (Tribal Co-Operative Marketing Development Federation of India Ltd. - TRIFED) की स्थापना की गई।
- बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2007 के अधिनियमित होने के बाद ट्राइफेड को इस अधिनियम में पंजीकृत कर इसे राष्ट्रीय सहकारी समिति के रूप में अधिनियम की दूसरी अनुसूची में अधिसूचित किया गया।
- यह संगठन विपणन विकास और उनके कौशल तथा उत्पादों के निरंतर उन्नयन के माध्यम से देश के जनजातीय समुदायों के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।
- इसके मुख्य कार्यों में क्षमता निर्माण, आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में ब्रांड निर्माण और सतत आधार पर विपणन के अवसरों के लिये विपणन संभावनाओं की खोज करना शामिल है।
- ट्राइफेड अपनी खुद की दुकानों के माध्यम से जनजातीय उत्पादों का विपणन करता है जिसे 'ट्राइब्स इंडिया' कहा जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-28-september-2018